>

Title: Need to provide stoppage for Udaipur-Khajuraho train at Harpalpur and Niwadi stations in Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): सभापति महोदय, पिछले रेल बजट में उदयपुर से ग्वालियर चलने वाली ट्रेन को खजुराहों तक बढ़ाने की घोषणा की गई थी ताकि उदयपुर आने वाले पर्यटक खजुराहो जा सकें और खजुराहो आने वाले विदेशी पर्यटक उदयपुर तक की सीधी यात्रा कर सकें। कुछ दिनों पूर्व यह ट्रेन चलनी प्रारंभ भी हो गई है। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि इस ट्रेन मार्ग पर झांसी से खजुराहो के बीच हरपालपुर एवं निवाड़ी दो महत्वपूर्ण स्टेशन हैं। एक छतरपुर जिले में आता है और दूसरा टीकमगढ़ जिले में आता है, जहां से मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के पचासों गांवों के लोग ट्रेन पकड़ते हैं। किन्तु इन स्टेशनों पर इस ट्रेन के स्टापेज नहीं बनाए गए हैं जबकि खजुराहो आने वाले पर्यटक यहां से मऊ सहानिया जाते हैं। मऊ सहानिया नौगांव के पास महाराजा छत्रसाल का छावनी केन्द्र था जहां पर ध्वेला म्युजियम के नाम से उनके जीवन से जुड़ी हुई सारी वस्तुओं का संग्रह करके रखा गया है। वहां से मऊ सहानिया होकर पर्यटक हरपालपुर आते हैं और ट्रेन पकड़ते हैं। मैंने इस संबंध में रेल परामर्शदातृी समिति की बैठक में भी इस बात को उठाया। माननीय रेल मंत्री महोदय को भी ज्ञापन दिया था।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि हरपालपुर एवं निवाड़ी, इन दोनों स्टेशनों पर उदयपुर से खजुराहो तक चलने वाली ट्रेन का स्टापेज किया जाए ताकि मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के लोगों को इसका लाभ मिल सके और पर्यटकों को भी सीधी ट्रेन की सुविधा का लाभ मिल सके।